राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

कोरोना संक्रमण के संभावित तीसरे लहर को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने हेतु सरकार कर रही है सभी आवश्यक उपाय–राज्यपाल

पटना, 28 जुलाई 2021

"कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर से निपटने के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर सरकार स्वास्थ्य संबंधी भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की अभिवृद्धि के साथ–साथ उनकी गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सभी आवश्यक उपाय कर रही है, ताकि संभावित तीसरी लहर को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।"– यह बातें महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने एम्स, पटना में आयोजित कोविड–19 के लिए महत्वपूर्ण देखभाल प्रबंधन से संबंधित मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों के समुचित प्रशिक्षण और उनके क्षमता विकास के मामले में बिहार न सिर्फ आगे है, बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका भी निभा रहा है। कोविड–19 के प्रबंधन हेतु एम्स, पटना में बिहार के सभी 38 जिलों के 220 चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षण देकर उन्हें मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया है जो अन्य हेल्थ केयर वर्कर्स को प्रशिक्षित करेंगे।

एम्स, पटना के सी०सी०डब्ल्यू०जी०– CCWG (Critical Care Working Group) टीम द्वारा यूसेड राईज– USAID's RISE (USAID- United States Agency for International Development, RISE- Reaching Impact, Saturation and Epidemic Control) के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया। तकनीकी सहयोग जपाइगो– Jhpiego (Johns Hopkins Program for International Education in Gynecology and Obstetrics) द्वारा प्रदान किया गया।

समारोह को बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल, कोविड–19 टास्क फोर्स, इंडिया के चेयरमैन डॉ० एन०के० अरोड़ा एवं एम्स, पटना के निदेशक डॉ० प्रभात कुमार सिंह, जपाइगो (Jhpiego) के वरीय रणनीतिक सलाहकार डॉ० बुलबुल सूद एवं यूसेड (USAID) के डॉ० अश्विनी कुमार ने भी संबोधित किया।

वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से आयोजित इस समारोह में राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, एम्स, पटना के सी०सी०डब्ल्यू०जी० (CCWG) टीम के संयोजक डॉ० नीरज कुमार, एम्स, पटना के कोविड–19 नोडल पदाधिकारी डॉ० संजीव कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....